27 फरवरी 2026
शुक्रवार

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण




सवालों की बरसात, जवाबों की चमक डुमरांव पुलिस थाना बना ज्ञान का मंच 2



## एक नजर

### सुनेत्रा पवार बनीं एनसीपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव सामने आया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी में नेतृत्व परिवर्तन के साथ नया राजनीतिक अध्याय शुरू हो गया है। पार्टी की वरिष्ठ नेता और राज्य की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को सर्वसम्मति से एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी बैठक में लिया गया यह फैसला राज्य की राजनीति में अहम माना जा रहा है। अजित पवार की विमान हादसे में मौत के बाद पार्टी और सत्ता दोनों की जिम्मेदारियों में बड़ा बदलाव देखने को मिल। अजित पवार के निधन के बाद महाराष्ट्र की राजनीति अचानक नए मोड़ पर आ गई थी। उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सुनेत्रा पवार को सौंपी गई और अब उन्हें पार्टी की राष्ट्रीय कमान भी मिल गई है। पिछले कुछ दिनों से एनसीपी के दोनों गुटों के संभावित विलय की चर्चा चल रही थी, लेकिन अजित पवार गुट के वरिष्ठ नेताओं ने इसमें खास रुचि नहीं दिखाई। इसके बाद पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए नया नेतृत्व तय किया और सुनेत्रा पवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया।

### एआई से साइबर फ्रॉड बन रहा है ज्यादा घातक

**नई दिल्ली।** साइबर अपराधियों द्वारा एआई के इस्तेमाल ने साइबर फ्रॉड को ज्यादा घातक बना दिया है। आम लोगों को फंसाने के लिए एआई के माध्यम से तैयार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण समेत प्रसिद्ध हस्तियों के डीप फेक वीडियो का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं डिजिटल अरेस्ट के मामलों में एआई से तैयार किये गए पुलिस अधिकारियों के वीडियो और आडियो में असली-नकली का अंतर करना मुश्किल हो गया है। जाहिर है साइबर फ्रॉड से निपटने में जुटी एजेंसियों के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी का एआई से तैयार फेक वीडियो सामने आया था, जिसमें मुफ्त में ई-साइकिल दिये जाने की बात थी। वित्तमंत्री सीतारमण का तो पूरा साक्षात्कार एआई से तैयार कर दिया गया, जिसमें वे विभिन्न कंपनियों में निवेश की सलाह दी जा रही थी।

# अनिल अंबानी के घर और ऑफिस में सीबीआई की छापेमारी

- रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ दूसरा मुकदमा दर्ज
- अनिल अंबानी पर आपराधिक कदाचार व पद के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सीबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के खिलाफ दूसरा केस दर्ज किया है। यह मामला बैंक ऑफ बड़ौदा की इसी महीने 24 फरवरी की गई शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। एफआईआर में आरकॉम के प्रमोटर और पूर्व चेयरमैन अनिल अंबानी, रिलायंस कम्युनिकेशंस और अन्य के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी (आईपीसी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक कदाचार व पद के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए हैं। सीबीआई ने बताया कि एफआईआर दर्ज करने के बाद सीबीआई ने अनिल अंबानी के घर और आरकॉम के रजिस्टर्ड ऑफिस में छापेमारी की। एजेंसी के मुताबिक, इस दौरान लोन ट्रांजैक्शन से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। जांच अभी जारी है। सीबीआई के मुताबिक बैंक ऑफ बड़ौदा को आरकॉम को दिए गए कर्ज में 2,220 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ। आरोप है कि कर्ज की रकम को संबंधित पक्षों के साथ फर्जी लेन-देन दिखाकर डायवर्ट और गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया। एजेंसी का कहना है कि कथित तौर पर कंपनी के बही-खातों में हेरफेर कर अनियमितताओं को छिपाया गया। सीबीआई ने बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसके प्रमोटर अनिल अंबानी के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि 2,220 करोड़ रुपये के कर्ज में फर्जी लेन-देन कर धन डायवर्ट किया गया। छापेमारी में दस्तावेज जब्त हुए हैं।

### खाता 2017 में ही एनपीए घोषित

एफआईआर के अनुसार यह खाता 2017 में ही एनपीए घोषित हो गया था। हालांकि, अनिल अंबानी की ओर से बॉम्बे हाई कोर्ट में दायर याचिका के बाद खातों को ह्यफ्रॉडह्न घोषित करने पर रोक लग गई थी। यह रोक 23 फरवरी 2026 को हटाई गई। इसके बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने शिकायत दर्ज कराई और सीबीआई ने तुरंत केस दर्ज कर लिया। सीबीआई ने बताया कि इससे पहले एसबीआई की शिकायत पर आरकॉम के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया जा चुका है। एसबीआई 11 बैंकों के कंसोर्टियम का लीड बैंक है, लेकिन बैंक ऑफ बड़ौदा उस कंसोर्टियम का हिस्सा नहीं था। यह केस बैंक ऑफ बड़ौदा, तत्कालीन विजया बैंक और तत्कालीन देना बैंक से लिए गए अलग कर्ज से जुड़ा है। विजया बैंक और देना बैंक का अब बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय हो चुका है। बैंक ऑफ बड़ौदा उस कंसोर्टियम का हिस्सा नहीं था, इसलिए यह मामला अलग ऋण

# मोदी सरकार में शांतिपूर्ण विरोध भी अपराध : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में शांतिपूर्ण विरोध को भी अपराध की तरह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में असहमति को दबाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है और संवैधानिक तरीके से आवाज उठाने वालों को दमन का सामना करना पड़ रहा है। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि शांतिपूर्ण विरोध लोकतंत्र की आत्मा है और इसे दबाने से लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं।राहुल गांधी ने कहा कि यदि कोई नागरिक सरकार की नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करता है तो उसके हिस्से में लाठीचार्ज, मुकदमे और गिरफ्तारी आ जाती है।उन्होंने हाल के वर्षों में विभिन्न आंदोलनों का उल्लेख करते हुए कहा कि पेपर लीक से परेशान युवाओं, महिला पहलवानों, किसानों और आदिवासियों की आवाज को गंभीरता से सुनने के बजाय उन्हें दबाने का प्रयास किया गया।राहुल के अनुसार वर्तमान सरकार में पर्यावरण और रोजगार जैसे मुद्दों पर उठने वाले प्रश्नों को भी राजनीतिक रंग देकर कमजोर किया जाता है।

कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध होगा

# पीएम मोदी ने इजरायल की धरती से आतंकवाद पर चेताया



- भारत-इजराइल संबंधों को नयी गति देने का फैसला किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच बातचीत के बाद दोनों देशों ने नवाचार और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को विस्तार देने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बातचीत के बाद कहा कि हमने भारत-इजरायल के पुराने और मजबूत संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का फैसला किया है। हमने भारत-इजराइल संबंधों को नयी गति देने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत और इजरायल पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी अभिव्यक्ति में, आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता। नरेंद्र मोदी ने अपने बयान में कहा कि भारत और इजरायल पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी अभिव्यक्ति में, आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हम कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। नौ साल पहले, मुझे पहली बार इजरायल जाने का मौका मिला था। 9 साल बाद, फिर से इजरायल जाना मेरे लिए गर्व का पल है। मुझे स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल से सम्मानित किया गया। मैं यह अवॉर्ड 140 करोड़ भारतीयों और भारत-इजरायल दोस्ती को समर्पित करता हूं।

### फ्री ट्रेड डील, आतंकवाद और डिफेंस सहयोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल के दौरे पर हैं। इस दौरान गुरुवार को उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान पीएम मोदी ने अपने भाषण में भारत-इजरायल के बीच फ्री ट्रेड डील, आतंकवाद, यूपीआई व एआई समेत अन्य मुद्दों के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने कहा, भारत-इजरायल के संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित है। पीएम मोदी ने कहा, हमारे रिश्ते समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। आज हमने अपनी टाइम टेस्टेड साझेदारी को स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पीएम मोदी ने कहा यह निर्णय दोनों देशों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। भारत और इजरायल पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी अभिव्यक्ति में, आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हम कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, दोनों देशों के बीच कृषि सहयोग का लंबा और सफल इतिहास रहा है। आज हमने इस सहयोग को भविष्यवादी दिशा देने का संकल्प लिया है। इजरायल के सहयोग से भारत में स्थापित उत्कृष्टता के केंद्र हमारी मित्रता के उत्तम उदाहरण है। इनकी सफलता देखते हुए हमने इनकी संख्या 100 तक ले जाने का लक्ष्य रखा है।

# कक्षा 8 की किताब के चैप्टर को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बैन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित अध्याय पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। कोर्ट ने बाजार में उपलब्ध सभी प्रतियां जब्त करने और डिजिटल संस्करण हटाने के साथ ही पुस्तक को सार्वजनिक पहुंच से हटाने के आदेश दिए हैं। इतना ही नहीं कोर्ट ने अध्याय तैयार करने वाली कमेटी के सदस्यों का ब्योरा तलब करते हुए अध्याय फाइनल होने की बैठकों के मिनट्स भी मांग लिए हैं। इसके साथ ही एनसीईआरटी के निदेशक और स्कूल शिक्षा सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि बताएं क्यों न जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। दो सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले को 11 मार्च को फिर सुनवाई के लिए लगाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रकरण उजागर करने के लिए मीडिया की सराहना की। कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह न्यायपालिका को कमजोर करने और उसकी गरिमा को ठोस पहुंचाने की सुनियोजित साजिश है। जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने माफी मांगते हुए कहा कि इस अध्याय को तैयार करने वाले दो लोग अब कभी भी एनसीईआरटी या किसी भी मंत्रालय में काम नहीं करेंगे तो चीफ जस्टिस सूर्यकांत की टिप्पणी थी कि तब तो ये बहुत आसान हो जाएगा और वो बरी हो जाएंगे। उन्होंने गोली चलाई है, न्यायपालिका आज खून से लथपथ है।प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जोयमाल्या बाग्ची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने केंद्र सरकार और राज्यों को तत्काल निर्देशों का पालन करने और किसी भी तरह के उल्लंघन पर गंभीर कार्रवाई की चेतावनी दी है। गुरुवार को जैसे ही मामले की सुनवाई शुरू हुई, केंद्र सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी। उन्होंने एनसीईआरटी द्वारा जारी की गई प्रेस रिलीज भी कोर्ट को दी जिसमें माफी मांगी गई थी।

# इंडियन रेलवे ने लॉन्च किया रेल पार्सल ऐप, डोरस्टेप डिलीवरी से रियल टाइम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

साउथ सेंट्रल रेलवे ने इंडियन रेलवे के जरिए पार्सल डिलीवरी को तेज और आसान बनाने के लिए रेल पार्सल ऐप नाम की एक नई डिजिटल सर्विस लॉन्च की है। ऐप को ऑफिशियली बुधवार, 25 फरवरी को लॉन्च किया गया और हैदराबाद पायलट प्रोजेक्ट को शुरू करने वाला पहला डिवीजन बन गया। रेल पार्सल ऐप को साउथ सेंट्रल रेलवे जोन में सात जगहों पर लॉन्च किया गया है। इनमें हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंटूर, राजमुंदरी, विशाखापत्तनम, बेंगलुरु और चेन्नई शामिल हैं। नया प्लेटफॉर्म एंड-टू-एंड पार्सल सर्विस देने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें डोरस्टेप पिकअप, डोरस्टेप डिलीवरी, पार्सल की रियल टाइम ट्रैकिंग, ऑटोमेटेड पुश नोटिफिकेशन और डिजिटल पेमेंट ऑप्शन शामिल हैं। ऐप के खास फीचर्स में से एक इसकी डोर-टू-डोर बुकिंग और डिलीवरी सुविधा है। यूजर्स सीधे प्लेटफॉर्म के जरिए रेल पार्सल ट्रांसपोर्ट बुक कर सकते हैं और अपनी बताई गई जगहों से पिकअप और डिलीवरी का इंजताम कर सकते हैं। जबकि दूसरे मामलों में, कस्टमर्स को बड़े रेलवे स्टेशनों के पास रेलवे पार्सल ऑफिस जाना पड़ता है।वेबसाइट के मुताबिक, ऐप कंसाइनमेंट की एंड-टू-एंड ट्रैकिंग की सुविधा देता है, जिससे कस्टमर्स ट्रांसपोर्टेशन के अलग-अलग स्टेज से गुजरते समय अपने पार्सल को रियल टाइम में मॉनिटर कर सकते हैं।






# सवालों की बरसात, जवाबों की चमक डुमरांव पुलिस थाना बना ज्ञान का मंच




**केटी न्यूज/डुमरांव**

आमतौर पर जहां फरियादियों की आवाज सुनाई देती है, उसी डुमरांव थाने का परिसर इस बार सवाल-जवाब और तालियों की गूंज से भर उठा। बिहार पुलिस सप्ताह के तीसरे दिन गुरूवार को आयोजित क्विज प्रतियोगिता ने थाने को एक दिन के लिए ज्ञान के मंच में बदल दिया। प्रतियोगिता में 34 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिन्हें 17 जोड़ी में बांटकर 10 राउंड की कड़ी प्रतिस्पर्धा में उतारा गया।

हर राउंड में 10 प्रश्न पूछे गए और इस तरह कुल 170 सवालों ने प्रतिभागियों की तैयारी और आत्मविश्वास की परीक्षा ली। चार विकल्पों वाले प्रश्नों में सही जवाब पर अंक मिले, जबकि गलत उत्तर देने पर आधे अंक की नेगेटिव मार्किंग ने प्रतियोगिता को और रोमांचक बना दिया। कठिन सवालों पर प्रतिभागियों का ठहरकर सोचना दर्शकों के लिए भी रोचक क्षण बन गया।

इतिहास से लेकर विज्ञान, गणित, भूगोल, संविधान और समसामयिक विषयों तक प्रश्नों की विविधता ने प्रतियोगिता को व्यापक आयाम दिया। भारत के संविधान निमार्ता कौन थे, हरित क्रांति का संबंध किससे है, प्रकाश का वेग किस माध्यम में सर्वाधिक होता है, पाइथागोरस प्रमेय किस आकृति से जुड़ा है, प्लासी और बक्सर का युद्ध कब हुआ, ऐसे सवालों ने विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, समय प्रबंधन और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण का महत्व समझाया। उनका कहना था कि सफलता केवल पढ़ाई से नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और सकारात्मक सोच से भी मिलती है। उन्होंने पुलिस और समाज के बीच बेहतर तालमेल को जरूरी बताया।

प्रतियोगिता के संचालन और प्रश्न चयन में शिक्षक मिस्टर मनोज, शैलेन्द्र श्रीवास्तव और शुभम कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ जवाब देने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर एसआई सह अभया ब्रिगेड की मुख्य सदस्य प्रियंका कुमारी ने छात्राओं को विशेष रूप से जागरूक किया। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर साझा करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत संपर्क करें।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सोशल मीडिया से दूरी बनाने और मोबाइल का सीमित उपयोग करने की सलाह भी दी गई। साथ ही नशा न करने की शपथ दिलाई गई, ताकि युवा अपने भविष्य को सही दिशा दे सकें।

प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। बेहतर अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शाहाबाद रेंज के डीआईजी सत्यप्रकाश और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के हाथों सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस सप्ताह के इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि संवाद, सहयोग और सकारात्मक पहल से थाना भी प्रेरणा का केंद्र बन सकता है।

## खाकी के संग दौड़े सपने : पुलिस सप्ताह में बच्चों ने दिखाई रफ्तार

**कृष्णाब्रह्म।** पुलिस सप्ताह के मौके पर गुरुवार को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय अरियाव का मैदान उत्साह और उमंग से भर उठा। खाकी वर्दी की मौजूदगी में जब सीटी बजी तो बच्चों के कदम रफ्तार बनकर ट्रैक पर दौड़ पड़े। प्रतियोगिता का आयोजन कृष्णाब्रह्म पुलिस की पहल पर किया गया, जिसमें विद्यालय के करीब 260 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता में बालक वर्ग के लिए 400 मीटर और 100 मीटर दौड़ तथा बालिका वर्ग के लिए 200 मीटर और 100 मीटर दौड़ आयोजित की गई। दौड़ शुरू होते ही मैदान तालियों और उत्साहवर्धन की आवाज से गूंज उठा। छात्र-छात्राओं ने जीत की चाह में पूरी ताकत झोंक दी। विजेता प्रतिभागियों को कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष रवि कुमार ने कॉपी, कलम और मेडल देकर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय के सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप कॉपी-कलम वितरित की गई, जिससे उनके चेहरों पर खास खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आमजन, खासकर बच्चों के बीच विश्वास और संवाद को मजबूत करना रहा। पुलिस पदाधिकारियों ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान सब इंस्पेक्टर विनय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अनिल कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी और ग्रामीण मौजूद रहे। हालांकि दौड़ के दौरान दो छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी। तत्काल पुलिस और शिक्षकों की मदद से दोनों को डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। खेल, सम्मान और संवेदनशीलता के इस संगम ने पुलिस सप्ताह को बच्चों के लिए यादगार बना दिया।

## पुलिस समाज संवाद की मिसाल : मुंगांव स्कूल में प्रतियोगिताओं से बढ़ा बच्चों का आत्मविश्वास

**डुमरांव।** बिहार पुलिस सप्ताह के तहत कोरानसराय थाना क्षेत्र के मुंगांव गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित टोला में आयोजित कार्यक्रम ने पुलिस और समाज के रिश्तों को नई मजबूती दी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग, गणित एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें रचनात्मक मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने की। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग, विशेषकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, शिक्षा और देशभक्ति जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी सोच को अभिव्यक्त किया। गणित प्रतियोगिता में तार्किक क्षमता और त्वरित समाधान की परख की गई, जबकि क्विज में सामान्य ज्ञान और समसामयिक विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे गए। बच्चों ने पूरे



आत्मविश्वास के साथ जवाब देकर उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। शिक्षकों और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सामुदायिक सहयोग से ही सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण संभव है।

## एक नजर

### डुमरांव में दिनदहाड़े बाइक चोरी सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**डुमरांव।** शहर में एक बार फिर वाहन चोर सक्रिय हो गए हैं। स्टेशन रोड स्थित शीला सिनेमा के समीप दिनदहाड़े खड़ी बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित अजय कुमार, पिता कृष्णा प्रसाद, निवासी स्टेशन रोड ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार अजय कुमार अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक सड़क किनारे खड़ी कर बाजार में खरीदारी करने गए थे। कुछ ही देर बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें दो संदिग्ध युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। स्थानीय थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बाजार क्षेत्र में वाहन खड़ा करते समय सुरक्षा उपाय अवश्य अपनाएं।

### बिजली चोरी पर सख्ती: ठठेरी बाजार में छापेमारी, आरोपी पर जुर्माना व प्राथमिकी

**डुमरांव।** शहर में राजस्व संरक्षण को लेकर विद्युत विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए ठठेरी बाजार मोहल्ले में विशेष जांच अभियान चलाया। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा डुमरांव की टीम ने कनीय विद्युत अभियंता मो. इम्तेयाज हुसैन के नेतृत्व में औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान एक उपभोक्ता को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आरोपी के खिलाफ डुमरांव थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उस पर विभाग को राजस्व क्षति पहुंचाने का आरोप है। जांच के उपरांत संबंधित उपभोक्ता पर 4,573 रुपये का आर्थिक दंड भी अधिरोपित किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 तथा अन्य लागू धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में बिजली चोरी करने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राजस्व नुकसान रोकने और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली उपयोग करने की अपील की है, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जयमाला के दौरान दुल्हन को गोली मारने वाला गिरफ्तार, एसपी ने बनाई थी विशेष टीम




**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा गांव में शादी समारोह के दौरान दुल्हन को गोली मारने की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 24 फरवरी की रात करीब 10 बजे जयमाला कार्यक्रम के दौरान एक युवक ने दुल्हन को गोली मार दी थी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल दुल्हन को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। एसपी के निर्देश पर मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्य और मानव सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी शुरू की। जांच के क्रम में एक संदिग्ध की पहचान की गई और उसे बक्सर समाहरणालय के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसी ने दुल्हन को गोली मारी थी। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल और एक खोखा बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान चौसा निवासी विनय चौधरी के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध पहले से भी आपराधिक मामला दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। मुफस्सिल थाना कांड संख्या 64/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि शादी-विवाह जैसे आयोजनों में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध हथियार रखने और हर्ष फायरिंग जैसी घटनाओं पर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर होली तक के लिये प्रखंड परिसार में बना बूथ

### एसडीओ ने बूथ का उद्घाटन कर बच्चों को दवा खिलाकर किया शुभारंभ

**केटी न्यूज/डुमरांव।**

होली को लेकर डोर टू डोर फलेरिया उन्मूलन अभियान को रोक दिया गया है। अब केवल बूथ लेवल पर ही जैसे स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ही दवा खिलाने का अभियान जारी रहेगा। मालूम हो कि इस अभियान के तहत दिनांक 10 से 24 तक डोर टू डोर दवा खिलाने का कार्यक्रम चलाया गया था। फिर होली पर्व को लेकर उसे स्थगित कर बूथ लेवल पर चलाने का कार्यक्रम रखा गया है। इसके लिये डुमरांव प्रखंड कार्यालय में गुरूवार को बूथ बनाया गया, जिसका उद्घाटन संयुक्त रूप से एसडीओ राकेश कुमार, बीडीओ संदीप कुमार पांडेय और पीएचसी प्रभारी डा आरबी प्रसाद ने किया। फिर एसडीओ ने कहा कि वर्तमान में फलेरिया का दवा डोर टू डोर होली को लेकर स्थगित किया गया है। बूथ लेवल पर ही दवा पिलाने का कार्यक्रम चलता रहेगा।

वहीं पीएचसी प्रभारी ने बताया की दवा खिलाने का कार्यक्रम उम्र के हिसात से किया जाएगा, जिसके लिये कर्मियों को पहले ही प्रशिक्षित कर दिया गया है। उन्होंने बताया की दो साल से छह साल के बच्चों को फलेरिया की दवा एल्बेंडजोल की एक गोली खिलानी है। वहीं छह वर्ष से उपर के बच्चे जो 14 साल के हो गए हैं, उन्हें दो गोली खिलाने हैं। फिर उन्होंने बताया की 14 साल से उपर वाले को 3 गोली खिलाना है। बूथ लेवल पर 25 से 27 तक दवा पिलाने का कार्यक्रम चलेगा। उन्होंने बताया की गर्भवती महिलाओं, दो साल के नीचे के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार को दवा नहीं खिलाना है। दवा पिलाने के कार्यक्रम में देखा गया की दवा खाने के प्रति लोगों में काफी उत्सुकता रही।

## लंच के लिए घर लौट रहे मजदूर की सड़क हादसे में मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान कतिकनार गांव निवासी त्रिलोकी सिंह के 37 वर्षीय पुत्र संजय सिंह के रूप में हुई है। घटना वासुदेवा थाना क्षेत्र के कुकुरभुका गांव और गोविंदपुर गांव के बीच नहर के समीप हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक नवानगर स्थित कोका-कोला कंपनी में कार्यरत थे। गुरुवार को ड्यूटी समाप्त कर लंच करने के लिए वह बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नहर के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने स्थानीय पुलिस और चौकीदार को सूचना दी। सूचना पाकर वासुदेवा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी।

### मृतक अपने पीछे पत्नी दो पुत्र समेत छोड़ गया है भरा-पूरा परिवार

जैसे ही हादसे की खबर गांव पहुंची, पूरे गांव में मातम छा गया। घर पर चीख-पुकार मच गई। पत्नी सोनी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वह बार-बार बेहोश हो जा रही थीं और कह रही थीं कि अब बच्चों का सहारा कौन बनेगा। आसपास की महिलाएं उन्हें ढांढस बंधाने में जुटी रहीं। बड़े पुत्र सत्यम ने रोते हुए बताया कि पिताजी के भरोसे ही मेरी पढ़ाई और पूरे घर का खर्च चलता था। वहीं छोटे पुत्र शिवम का भी रो-रोकर बुरा हाल था।घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता देने की मांग की है।मौके पर ग्रामीणों की कभी भीड़ जुटी हुई है।

## मजिस्ट्रेट की निगरानी में अवैध शराब पर चला बुलडोजर, छह मामलों की 190 लीटर खेप नष्ट

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने की दिशा में नया भोजपुर थाना क्षेत्र में प्रशासन ने सख्त कदम उठाया। थाना परिसर में मजिस्ट्रेट की देखरेख में छह अलग-अलग मामलों में जब्त करीब 190 लीटर देशी व विदेशी शराब का विनष्टीकरण किया गया।



यह कार्रवाई पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट अंचल अधिकारी कुमार दिनेश की मौजूदगी में संपन्न हुई। प्रक्रिया की शुरूआत जब्त शराब के भौतिक सत्यापन से हुई, जिसमें प्रत्येक कांड की सूची के आधार पर मात्रा और प्रकार का मिलान किया गया। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने सभी छह मामलों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बरामद शराब का ब्यौरा दिया। संतोषजनक मिलान के बाद निर्धारित नियमों के तहत शराब को नष्ट कर दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि थाना क्षेत्र में शराब तस्करी, भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जब्त मादक पदार्थों को न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप समय-समय पर नष्ट किया जाता है, ताकि उनके दुरुपयोग की आशंका समाप्त हो सके। मजिस्ट्रेट कुमार दिनेश ने कहा कि सरकार के निदेर्शानुसार पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की गई है। वहीं थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने आमजनों से अपील की कि शराब से जुड़ी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।






# केसठ में तालाबों का होगा कायाकल्प : वरुणा वेवरेज को मिला अनापत्ति प्रमाण पत्र



केटी न्यूज/केसठ

केसठ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न तालाबों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का रास्ता अब साफ हो गया है। ग्राम पंचायत द्वारा वरुणा वेवरेज लिमटेड , नवानगर बक्सर को इस कार्य के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही वर्षों से उपेक्षित पड़े तालाबों के कायाकल्प की उम्मीद जगी है।

इस पहल के तहत मौजा डिहरा, केसठ पोखरा टोला स्थित तालाब एवं प्रखंड परिसर के समीप अवस्थित तालाब का व्यापक विकास किया जाएगा। पंचायत द्वारा जारी पत्र के अनुसार कंपनी जल संरक्षण और क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण कार्य कराएगी।

## इन कार्यों से बदलेगी तालाबों की सूरत

परियोजना के अंतर्गत तालाबों के भीतर और आसपास जल संचय व्यवस्था वर्षा जल के बेहतर संरक्षण हेतु आधुनिक तकनीकों का उपयोग, पौधरोपण तालाब किनारे हरियाली बढ़ाने के लिए व्यापक पौधरोपण एवं लाइटिंग व्यवस्था सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के लिए आकर्षक प्रकाश व्यवस्था के अलावे फेबर ब्लॉक व घाट निर्माण तालाब किनारे पेबर ब्लॉक बिछाने के साथ पक्के घाटों का निर्माण, जिससे आमजन और पर्व-त्योहारों में सुविधा मिले।

## पंचायत ने दी सहमति

ग्राम पंचायत ने स्पष्ट किया है कि जनहित और पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए कंपनी द्वारा किए जाने वाले इन कार्यों पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। इस परियोजना से न केवल भूजल स्तर में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को टहलने, बैठने और छठ जैसे महापर्वों के आयोजन के लिए स्वच्छ व सुंदर स्थल भी उपलब्ध होगा। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह ने अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करते हुए कहा कि तालाब हमारे गांव की धरोहर हैं, इनके संरक्षण और सौंदर्यीकरण से पर्यावरण संतुलन मजबूत होगा और आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। पंचायत की सहमति जनहित को ध्यान में रखकर दी गई है तथा कार्य गुणवत्ता के साथ कराया जाएगा। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि लंबे समय से उपेक्षित पड़े तालाब अब नए स्वरूप में विकसित होकर क्षेत्र की पहचान बनेंगे।

### भादा गांव में हर्ष फायरिंग पर ताबड़तोड़ छापेमारी, दो देशी कट्टा, कारतूस और बाइक जब्त, एसपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

# शादी की खुशियों में गोलियों की गूंज पुलिस की दबिश में 6 सलाखों के पीछे

केटी न्यूज/ब्रह्मपुर

बगेनगोला थाना क्षेत्र के भादा गांव में शादी की खुशियां उस वक्त दहशत में बदल गईं, जब नाच कार्यक्रम के दौरान कुछ युवकों ने अवैध हथियार लहराते हुए हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज से समारोह स्थल पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए मौके से छह युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से दो देशी कट्टा, जिंदा व मिस फायर कारतूस और तीन मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। घटना 25 फरवरी की है। बताया जाता है कि रामेश्वर साह की बेटी के विवाह समारोह में देर रात नाच कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान कुछ युवक हथियार के साथ पहुंचे और हर्ष फायरिंग करने लगे। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल बगेनगोला थाना को दी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के निर्देश पर डुमरांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पोलस्त कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई और तत्काल छापेमारी की गई।



पुलिस की दबिश से समारोह स्थल पर हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान घटनास्थल से संदेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसकी निशानदेही पर धीरज पांडेय, सोनू यादव, विंध्याचल कुमार, विकास कुमार और रजनीश कुमार को भी धर दबोचा गया। सभी पर अवैध हथियार रखने और सार्वजनिक समारोह में फायरिंग करने का आरोप है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से दो देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक मिस फायर कारतूस बरामद किया। साथ ही तीन मोटरसाइकिल भी जब्त की गईं, जिनका उपयोग आरोपियों द्वारा समारोह स्थल तक आने-जाने में किया गया था। बरामद हथियारों की जांच की जा रही है कि उनका आपराधिक इतिहास से कोई संबंध तो नहीं है। इस मामले में बगेनगोला थाना कांड संख्या 12/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 109/3(5) तथा आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों से पूछताछ कर यह भी पता लगाया जा रहा है कि हथियार कहां से लाए गए और क्या इससे पहले भी इस तरह की घटनाओं में उनकी संलिप्तता रही है।

एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक आयोजनों में हर्ष फायरिंग करना कानूनन अपराध है और इससे लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि शादी या अन्य समारोह के नाम पर हथियारों का प्रदर्शन और फायरिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने भी सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि शादी-विवाह और अन्य सार्वजनिक आयोजनों पर विशेष नजर रखी जाए। हर्ष फायरिंग या अवैध हथियार के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

लगातार हो रही कार्रवाई से यह साफ संदेश गया है कि कानून तोड़ने वालों के लिए अब कोई राहत नहीं है। शादी की खुशियों में गोलियों की गूंज बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और जो भी कानून हाथ में लेगा, उसे सलाखों के पीछे जाना ही होगा।

## एक नजर

### एनएच-922 पर सघन जांच से मचा हड़कंप, दो ट्रकों से वसूले गए सात हजार

**कृष्णाब्रह्म।** पटना-बक्सर एनएच-922 पर गुरुवार को स्थानीय पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए सघन वाहन जांच अभियान चलाया। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर चलाए गए इस अभियान के दौरान गुजरने वाले भारी वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के क्रम में नियमों की अनदेखी करते पाए गए दो ट्रकों पर कार्रवाई करते हुए कुल सात हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वाहन जांच की भनक लगते ही कई बाइक चालक दूर से ही रास्ता बदलते नजर आए, जिससे कुछ देर के लिए मुख्य मार्ग पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध रूप से वाहन चलाने वाले चालकों में हड़कंप देखा गया। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### होली को लेकर राजपुर में प्रशासन अलर्ट, संवेदनशील स्थानों पर बढ़ाई गई निगरानी

**राजपुर।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से राजपुर थाना परिसर में प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारी की रूपरेखा तय की गई। बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह या हुड़दंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता आरओ रूपा कुमारी एवं थानाध्यक्ष निवास कुमार ने संयुक्त रूप से की। अधिकारियों ने बताया कि सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है तथा संवेदनशील स्थलों को चिह्नित कर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पूर्व में विवादित रहे क्षेत्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। प्रशासन ने साफ किया कि जबरन रंग लगाने, कुर्ता फाड़ने, अश्लील गीत बजाने या धार्मिक भावनाएं भड़काने जैसी हरकतों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अफवाह फैलाने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। ऐसे मामलों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है। होली से पहले अवैध शराब कारोबार पर भी शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत विभिन्न बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च कर लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का आह्वान किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भी प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने कहा कि सामूहिक सहभागिता और सजगता से ही त्योहार की खुशियां सुरक्षित रह सकती हैं। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# एनएच-922 पर रफ्तार का कहर : रांग साइड ओवरटेक में ट्रक पलटा, इलाज के दौरान चालक की मौत

केटी न्यूज/बक्सर

गुरुवार की अहले सुबह एक बार फिर रफ्तार और रांग साइड परिचालन ने एनएच-922 पर कहर बरपा दिया। नया भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रतापसागर पेट्रोल पंप के समीप ओवरटेक करने के दौरान एक अनियंत्रित ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना भीषण था कि चालक का कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह दब गया। गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल इलाज के लिए भेजा गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। स्वजन उसे लेकर वाराणसी चले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चालक की पहचान कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाड़ गांव निवासी रामाश्रय यादव के 35 वर्षीय पुत्र शैलेश यादव के रूप में हुई है। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि स्वजन उसे इलाज के लिए लेकर वाराणसी गए थे, लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि शाम तक इस संबंध में किसी तरह का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। वही, घटना के बाद से मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। स्वजनों के क्रंदन चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। बता दें कि पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में था और रांग साइड से आगे निकलने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे पलट गया। टक्कर के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से चालक को किसी तरह बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात बहाल कराया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतापसागर पेट्रोल पंप के आसपास का इलाका पहले भी कई हादसों का गवाह बन चुका है। ओवरलोड और तेज रफ्तार ट्रकों का दबाव, साथ ही रांग साइड ड्राइविंग की खुली छूट, दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकताओं ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# नेनुआ के तालाब में उतराया मिला मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

- **बुधवार की सुबह ही घर से निकला था मृतक, शौच के दौरान पैर फिसलने की जताई जा रही है आशंका**

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव स्थित तालाब से एक अधेड़ का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान स्थानीय गांव निवासी 62 वर्षीय गंगा सागर पाठक पिता जगन्नाथ पाठक के रूप में हुई है।

इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस व एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में ले जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। जबकि एफएसएल टीम ने भी घटना स्थल से कई चीजे एकत्र कर अपने साथ ले गई।





मिली जानकारी के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था तथा बुधवार की सुबह घर से शौच के लिए निकला था। आशंका जताई जा रही है कि शौच के दौरान ही पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गया होगा।

इधर घरवाले उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसी बीच गुरूवार को उसका शव तालाब में उतराया मिला। इसकी जानकारी मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। तत्काल इसकी जानकारी डुमरांव थाने को दी गई। सूचना मिलते ही एसआई मतेन्द्र कुमार व गौतम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा शव को पानी से बाहर निकलवाया। वहीं, एफएसएल टीम भी घटना स्थल से कई साक्ष्य इकट्ठा किए है।

गंगासागर की मौत की जानकारी मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। हालांकि, इस मामले में समाचार लिखे जाने तक स्वजनों द्वारा किसी तरह का आवेदन नहीं दिया गया था।

डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जानकारी मिलते ही शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मृतक के घरवालों द्वारा किसी तरह का आवेदन नहीं दिया गया है।

# बच्चा चोरी की अफवाहों से रहें सावधान : बक्सर पुलिस की अपील

- **एसपी शुभम आर्य ने सभी थानाध्यक्षों को दिए सख्त निर्देश, सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई**

केटी न्यूज/बक्सर

जिले में सोशल मीडिया पर बच्चों की चोरी, गुमशुदगी और अपहरण से जुड़ी भ्रामक सूचनाओं के तेजी से प्रसार को लेकर बक्सर पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि हाल के दिनों में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चा चोरी से संबंधित कई प्रकार की खबरें और संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें से अधिकांश जांच में अफवाह साबित हुए हैं। इन सूचनाओं के कारण आमजन में भय और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

बक्सर के पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले के सभी थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली ऐसी सूचनाओं की सतत निगरानी की जाए और किसी भी भ्रामक खबर या अफवाह की सत्यता की तुरंत जांच की जाए। साथ ही अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी सूचना पर बिना सत्यता की जांच किए विश्वास न करें और न ही उसे आगे साझा करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना एवं अफवाह फैलाना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



एसपी शुभम आर्य ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को अफवाहों से बचने के लिए प्रेरित करें। विद्यालयों, पंचायत स्तर तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी लोगों तक सही संदेश पहुंचाने की पहल की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है और हर सूचना की गंभीरता से जांच की जा रही है।

पुलिस ने यह भी कहा है कि यदि किसी को बच्चा चोरी या गुमशुदगी से संबंधित कोई संदिग्ध सूचना मिलती है तो वह तुरंत स्थानीय थाना को सूचित करें। आपातकालीन स्थिति में डायल 112 पर कॉल कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि प्रत्येक सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा है कि समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने में सभी की जिम्मेदारी है। अफवाहों पर रोक और तथ्य आधारित जानकारी के प्रसार से ही अनावश्यक भय और अव्यवस्था को रोका जा सकता है।

# हरियाली से मजबूत होगी पुलिस-जनता की साझेदारी, पुलिस सप्ताह पर अनोखी पहल

केटी न्यूज/नावानगर

पुलिस सप्ताह के अवसर पर नावानगर थाना परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि इसे पुलिस और समाज के रिश्तों को सुदृढ़ करने की पहल के रूप में देखा गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि कानून-व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी पुलिस की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम की अगुवाई थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने की। उनके साथ एसआई मुन्ना कुमार, एसआई संजय कुमार, एसआई दिलीप कुमार, एसआई अनिल राज समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने थाना परिसर और मुख्य द्वार के पास 11 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। पौधरोपण के दौरान पुलिसकर्मियों ने पौधों की देखरेख का संकल्प भी लिया।



थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज वैश्विक आवश्यकता बन चुका है। यदि अभी ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की, कि वे भी अपने आसपास पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनें। इस पहल को थाना स्तर पर सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के जरिए यह संदेश स्पष्ट किया गया कि पुलिस केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के विकास और पर्यावरण संतुलन के प्रति भी उतनी ही संवेदनशील है। समारोह में थाना के सभी पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# नवाचार की खुशबू से महका बक्सर का बाजार समिति परिसर

■ **दो दिवसीय किसान मेले में तकनीक, प्रतियोगिता और सम्मान का संगम**

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर का बाजार समिति परिसर गुरुवार को खेत-खलिहान की खुशबू और नवाचार की चमक से सराबोर दिखा। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) द्वारा आयोजित दो दिवसीय किसान मेले का आगाज उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जहां पारंपरिक खेती और आधुनिक तकनीक का अनूठा संगम देखने को मिला।



मेले का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष सरोज देवी, अपर समाहर्ता अरुण कुमार सिंह, बीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पारसनाथ और जिला कृषि पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अधिकारियों ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेला सिर्फ प्रदर्शनी नहीं, बल्कि खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक मजबूत पहल है।

**फल-फूल-सब्जी प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र :** मेले में आयोजित फल-फूल-सब्जी प्रदर्शनी-सह-प्रतियोगिता ने सबका ध्यान खींचा। जिले के प्रगतिशील किसानों ने मशरूम, अनाज, ताजी सब्जियों और रंग-बिरंगे फूलों की बेहतरीन किस्में प्रदर्शित कीं। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले किसानों को दूसरे दिन पुरस्कृत किया जाएगा।

**फार्मर रजिस्ट्री में बेहतर कार्य करने वालों को सम्मान :** कार्यक्रम के दौरान फार्मर रजिस्ट्री में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पदाधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया गया। इससे न केवल प्रशासनिक तंत्र का मनोबल बढ़ा, बल्कि किसानों में भी पारदर्शी व्यवस्था को लेकर विश्वास मजबूत हुआ।

**25 से अधिक स्टॉल पर आधुनिक खेती की झलक :** मेले में 25 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जहां कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यान, मत्स्य, वन और कृषि यंत्रीकरण विभाग ने आधुनिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी। जैविक खेती, मल्चिंग, पराली प्रबंधन और फसल उत्पादन के लाइव मॉडल किसानों के लिए खास आकर्षण रहे।

मेले का आयोजन 27 फरवरी तक जारी रहेगा, जहां चयनित किसानों को सम्मानित कर उनके प्रयासों को नई पहचान दी जाएगी। बक्सर का यह किसान मेला न केवल जानकारी का मंच बना, बल्कि आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में प्रेरक कदम भी साबित हो रहा है।

# घोषित व स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु बैठक की गई आयोजित



**एजेंसी। सासाराम**

जिला पदाधिकारी रोहतास के द्वारा मुख्यमंत्री, बिहार की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित व स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, पर्यटन, नगर विकास, उद्योग, भवन निर्माण, पर्यावरण एवं वन तथा जलवायु परिवर्तन विभाग से संबंधित कुल 16 प्रमुख विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोहतास, उप विकास आयुक्त रोहतास, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी रोहतास, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंताओं के द्वारा भाग लिया गया।

समीक्षोपरान्त संबधित पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को निम्नांकित निर्देश दिया गया जो निम्न प्रकार हैः-

समीक्षा के दौरान पाया गया कि सभी योजनाओं में कार्य प्रारम्भ है। संबंधित विभागीय पदाधिकारियों / कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित घोषित योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ को लेकर पथ निर्माण विभाग डेहरी के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा कराये जा रहे सड़क मरम्मती कार्य में अपने विभाग से अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हुए कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। संझौली प्रखंड अंतर्गत वाजितपुर में काव नदी पुल को लेकर कार्यपालक अभियंता, पुल निर्माण विभाग के द्वारा बताया गया कि कार्य प्रारम्भ हो गया है तथा कार्यों का सत्यापन भी किया जा रहा है, परन्तु जो कार्य हो रहा था, उसका डीपीआर गलत तैयार हो गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि पुनः सही-सही डीपीआर तैयार कर निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कुदरा-चेनारी-मल्हीपुर पथ का चौड़ीकरण, करगहर-बडहरी-धर्मपुरा पथ, बरांव-जहानाबाद पथ, पुरानी जीटी रोड से बबुरा मेन कैनाल पथ का जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण, कोचस में नया बस स्टैंड नोखा-नासरीगंज पथ में सोन नहर पर आरसीसी पुल निर्माण, कोचस में आरा-मोहनिया पथ पर बाईपास निर्माण एवं कोचस में आरा-मोहनिया पथ पर बाईपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

इंद्रपुरी जलाशय के पास पर्यटन हाट निर्माण तथा डेहरी औद्योगिक क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि पर्यटन एवं उद्योग से जुड़े कार्य जिले की आर्थिक मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर समय पर पूर्णता सुनिश्चित करें।

करगहर, डेहरी, दावथ, दिनारा, नासरीगंज, नोखा, सूर्यपुरा, शिवसागर एवं चेनारी प्रखंडों में नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि चयनित स्थलों पर निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ कर समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाए।

डेहरी- अकोढ़ीगोला- तेतराढ़-राजपुर पथ, आयरकोठा-अकोढ़ीगोला-अमरा तालाब पथ का चौड़ीकरण एवं डेहरी ऑन सोन अंतर्गत अकोढ़ीगोला बाईपास पथ का कार्य प्रारम्भ हो गया है। बताया गया कि कुछ कार्य वन विभाग की भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण बाधित होने की संभावना है। इस संबंध में वन विभाग के परिवेश पोर्टल पर ठडउ स्वीकृति हेतु अपलोड किया गया है। वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास को निर्देश दिया गया कि ठडउ स्वीकृति हेतु परिवेश पोर्टल पर अपलोड मामले पर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

भलुनी धाम इको पार्क एवं रोहतास वन प्रमंडल अंतर्गत नगर विकास एवं आवास विकास द्वारा हस्तांतरित एनीकट पार्क डेहरी का निर्माण कार्य चल रहा है।

सभी उपस्थित विभागीय पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की "प्रगति यात्रा" के दौरान घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक सप्ताह में बैठक करते हुए अद्यतन प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

# स्वस्थ जीवन पर अंजबित सिंह कॉलेज में तीन दिवसीय विज्ञान उत्सव आयोजित




■ **जीवन को बचाने के लिए पर्यावरण की करें रक्षा : डॉ. ओमप्रकाश**

**केटी न्यूज/रोहतास**

गुरुवार को शहर के अंजाबित सिंह महाविद्यालय में दिवसीय विज्ञान उत्सव का हुआ शुभारंभ। जिस कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ओम प्रकाश राम और समन्वयक डॉ. कन्हैया सिंह ने संयुक्तरूप से फीता काट किया। उक्त मौके पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली में संयम रखना,स्वच्छ भोजन के साथ लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के लिए भी विशेष जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। विज्ञान उत्सव के पहले दिन छात्रों के द्वारा भाषण एवं निबंध थीम पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 40 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागी के रूप में अपना पंजीयन कराया। तीन दिवसीय विज्ञान उत्सव का मुख्य थीम लोक स्वस्थ-भारत स्वस्थ पर इसका उप विषय खरीदो लोकल-उपजाऊ सीजनल और खाओ नेचुरल से लोगों को जागरूक किया जाता। अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम समन्वयक डॉ.कन्हैया सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है ताकि हम अपने जीवन शैली में सुधार कर सकें। कार्यक्रम के दूसरे दिन पेंटिंग थीम के प्रतिभागी रूप में 30 छात्र ने पंजीयन तहत भाग लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह संचालन समन्वयक डॉ शशि भूषण ने की। दूसरी तरफ आयोजित कार्यकम में भाग लेने छात्रों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। उक्त मौके पर परीक्षा नियंत्रक डॉ अनिल कुमार, डॉ.परवेज एहमद, फजल अहमद,

डॉ. रविकान्त पाण्डे,चंद्रशेखर कुमार,डॉ.भरत प्रसाद, डॉ.धीरेंद्र प्रताप व कर्मी कामेंद्र कुमार सहित छात्र-छात्राओं में आकांक्षा,गौतम, मयंक,जूली,विशाल राज,अरविंद अन्य उपस्थित थे।

# ऑटो की टक्कर से साईकिल सवार वृद्ध की मौत




**केटी न्यूज/रोहतास**

दावथ प्रखंड अंतर्गत एनएच 120 पर धवई गांव के समीप गुरूवार की रात्रि में टेम्पू के टक्कर से साइकिल सवार एक वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु हो गई। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु सासाराम भेज दिया है। ग्रामीण मनीष कुमार कुशवाहा ने बताया कि सेमरी निवासी किसान चुनमुन महतो 60 वर्ष एक शादी समारोह में गुरुवार को अपने गांव से बक्सर जिला के रूपसागर गांव में गएं थे। समारोह से वापस घर लौटने के दौरान धवई गांव के समीप डुमरांव मलियाबाग रोड़,एनएच 120 पर रात्रि 11 बजे पिछे से आ रही एक टेम्पो द्वारा जोरदार धक्का मार दिया। जिससे वृद्ध किसान चुनमुन महतो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी को सीएचसी दावथ लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर रेफर अस्पताल धनगाई रेफर कर दिया। वहां से भी चिकित्सकों ने मरीज के गंभीरता को देखते हुए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। जहां जख्मी किसान की मृत्यु हो गई। मृतक किसान बेहद गरीब थे। किसी तरह दुसरे की जमीन बटाई पर लेकर खेती करते थे और अपने परिवार का भारण पोषण करतें थें। पुलिस प्रशासन स्वजनों को उचित मुआवजा दें। जबकि ग्रामीणों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। वहीं थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियार ने बताया कि मृतक चुनमुन महतो के पुत्र अमर कुमार सिंह के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक संदिग्ध टेम्पो व उसका चालक लोहरा निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता को हिरासत में ले लिया गया है। जिससे पुछताछ किया जा रहा है। शव को अंत्यपरीक्षण करा कर स्वजनों को सौंप दिया गया है। आगे की जो भी प्रक्रिया है किया

## एक नजर

### रोहतास के एनएच पर भीषण सड़क हादसा में यात्री की मौत,19 लोग घायल



**डेहरी।** रोहतास जिले के डेहरी मुफस्सिल थानाक्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर गुरुवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यात्रियों से भरी ट्रैवलर और ट्रक के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान तमिलनाडु के कांचीपुरम निवासी रामो के रूप में की गई है। घायल यात्रियों के अनुसार सभी यात्री तमिलनाडु के रहने वाले हैं और वाराणसी से गया मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैवलर और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही डेहरी मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के डॉक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि कुल 19 घायलों का इलाज चल रहा है और सभी की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए छवरही पंचायत की मुखिया को किया सम्मानित

**पीरो।** स्वच्छ भारत मिशन व लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत के महा दलित टोले के शत-प्रतिशत घरों में शौचालय निर्माण व उसके उपयोग के लिए नव प्रेरणा कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा पीरो प्रखंड अंतर्गत छवरही जंगल महाल पंचायत की मुखिया फूल कुमारी देवी को सम्मानित किया गया। उप विकास आयुक्त भोजपुर गुंजन सिंह ने मुखिया फूल कुमारी देवी के द्वारा पंचायत में स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने व जन कल्याण के अन्य कार्यों के नियमानुसार क्रियान्वयन कराए जाने की सराहना करते हुए उन्हें दो हजार रुपए पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही पीरो के प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, स्वच्छता अभियान के प्रखंड समन्वयक कृष्णा सिंह एवं स्वच्छता प्रवेक्षक सुकेश यादव को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भोजपुर जिला के 14 सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, छवरही मुखिया के प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुशवाहा सहित कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

### पहरमा आरा लाइन नहर में 30 वर्षीय व्यक्ति का मिला शव, हड़कंप

**काराकाट।** कछवां थाना क्षेत्र के पहरमा लख आरा लाइन नहर में गुरुवार को एक युवक का शव तैरता मिलने से गांव और परिजनों में सनसनी फैल गई। पहरमा गांव निवासी 30 वर्षीय कमलेश यादव का शव नहर में मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के चाचा ने गांव के कुछ लोगों पर शराब पिलाकर हत्या कर शव नहर में फेंकने का गंभीर आरोप लगाया है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सक्कडी-सहार-नासरीगंज के मुख्य सड़क पहरमा लख पर शव रखकर उच्च अधिकारियों की मांग शुरू कर दी। मृतक कमलेश यादव मंगलवार सुबह करीब 10 बजे घर से निकले थे। वे पहरमा लख अपने मामा के लड़के को गाड़ी पकड़ाने गए थे, उसके बाद से लापता थे। परिजनों ने बुधवार को कछवां थाने में लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। गुरुवार को नहर में शव तैरता देख स्थानीय लोगों ने हंगामा मचा दिया। सूचना मिलते ही कछवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। घटनास्थल पर मृतक की जोड़ी का एक चप्पल भी मिला, जिससे संदेह गहरा गया है। मृतक के चाचा ने बताया, "हमारा भतीजा कमलेश कुछ लोगों के साथ शराब पिया होगा। लगता है उन्होंने उसका गला दबाकर हत्या कर दी और शव नहर में ठिकाने लगा दिया। उसके शरीर पर मारपीट के निशान साफ दिख रहे हैं।" परिजनों का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई में ढिलाई बरत रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर हाईवे जाम कर दिया और एसपी व डीएम को बुलाने की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार, काराकाट अंचलाधिकारी और कछवां थाना प्रभारी छुट्टी पर हैं। हालांकि काराकाट थाना प्रभारी और कछवां के प्रभारी थानाध्यक्ष सालू कुमारी मौके पर पहुंचकर परिजनों व ग्रामीणों को समझा रहे हैं। खबर लिखे जाने तक पुलिस शव को कब्जे में नहीं ले पाई थी। पुलिस ने कहा, मामले की गहन जांच चल रही है। परिजनों से औपचारिक आवेदन मिलते ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने स्थानीय स्तर पर सनसनी फैला दी है। ग्रामीणों में पुलिस पर भरोसा उठने लगा है, जबकि परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

### स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए छवरही पंचायत की मुखिया को किया सम्मानित

**पीरो।** स्वच्छ भारत मिशन व लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत के महा दलित टोले के शत-प्रतिशत घरों में शौचालय निर्माण व उसके उपयोग के लिए नव प्रेरणा कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा पीरो प्रखंड अंतर्गत छवरही जंगल महाल पंचायत की मुखिया फूल कुमारी देवी को सम्मानित किया गया। उप विकास आयुक्त भोजपुर गुंजन सिंह ने मुखिया फूल कुमारी देवी के द्वारा पंचायत में स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने व जन कल्याण के अन्य कार्यों के नियमानुसार क्रियान्वयन कराए जाने की सराहना करते हुए उन्हें दो हजार रुपए पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही पीरो के प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, स्वच्छता अभियान के प्रखंड समन्वयक कृष्णा सिंह एवं स्वच्छता प्रवेक्षक सुकेश यादव को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भोजपुर जिला के 14 सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, छवरही मुखिया के प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुशवाहा सहित कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे ।

# बिक्रमगंज को मिली आधुनिक स्वास्थ्य जांच की सौगात,गंगाजल पैथो लैब का भव्य उद्घाटन

**केटी न्यूज/रोहतास**

नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत नटवार रोड स्थित श्री शिव दुर्गा मंदिर के समीप अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित गंगाजल पैथो लैब का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में शहर के चिकित्सकों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। लैब का उद्घाटन शहर की सुप्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सुनीला सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिक्रमगंज शहर में गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाओं का अभाव लंबे समय से महसूस किया जा रहा था,जिसे यह नई पहल काफी हद तक पूरा करेगी। कार्यक्रम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ मनोरमा सिंह,वरिष्ठ




चिकित्सक डॉ शशि भूषण प्रसाद सिंह,लैब के डॉ ए० के० सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ सुनीला सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ सटीक जांच व्यवस्था होती है। सही समय पर सही जांच से ही रोग की पहचान संभव है और बेहतर उपचार की दिशा तय होती है। गंगाजल पैथो लैब के खुलने से अब मरीजों को उच्च स्तरीय जांच के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यदि यहां गुणवत्ता,पारदर्शिता और सेवा भावना को प्राथमिकता दी गई, तो यह संस्थान क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित तकनीशियनों के सहयोग से लैब निश्चित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं में नई पहचान बनाएगी। लैब प्रबंधन की ओर से बताया गया कि यहां विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजिकल जांच अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से की जाएगी और रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। समारोह में कुमार अभिषेक, चंद्रशेखर राजू, सोनू, अंकित समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे । पूरे कार्यक्रम का माहौल उत्साह,उम्मीद और स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश से ओत-प्रोत रहा। गंगाजल पैथो लैब के शुभारंभ के साथ ही बिक्रमगंजवासियों को अब बेहतर और भरोसेमंद जांच सुविधा अपने शहर में ही उपलब्ध हो सकेगी।

# एआई इंडिया समिट से उठी आवाज वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में

आरा (भोजपुर) विगत दिनों आयोजित एआई इंडिया समिट में बिहार से प्रकाशित लेख एआई की आंधी और बिहारी युवा अवसर या पिछड़ने का खतरा तथा अव्यवस्था से विकास की ओर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के परिवर्तनकारी कुलपति डॉ. प्रो. शैलेन्द्र चतुर्वेदी गुरुवार को विश्वविद्यालय में आयोजित एक शैक्षणिक संवाद में कुलपति डॉ. प्रो. शैलेन्द्र चतुर्वेदी एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो. कुंदन सिंह की उपस्थिति में रिसर्च स्कॉलर ज्योति ने अपने विचार विस्तार पूर्वक रखे। स्कॉलर ज्योति ने कहा कि आज एआई केवल तकनीकी बदलाव नहीं,बल्कि सामाजिक, प्रशासनिक और शैक्षणिक संरचनाओं को प्रभावित करने वाली क्रांतिकारी शक्ति बन चुकी है,हम युवा समय रहते एआई के ज्ञान और कौशल से स्वयं को लैस नहीं करते, तो हम प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पिछड़ सकते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में नियमित ए आई क्लास प्रारंभ करने की मांग भी रखी।




ताकि छात्र-छात्राएं वैश्विक तकनीकी परिवर्तनों के साथ कदम से कदम मिला सकें। कुलपति चतुर्वेदी ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक संज्ञान लिया और कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस दिशा में ठोस पहल का आश्वासन देते हुए ज्योति को एक शैक्षणिक जिम्मेदारी भी सौंपी। जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए स्कॉलर ने कहा कि वे अपनी लेखनी और वैचारिक प्रयासों के माध्यम से कुलपति द्वारा व्यक्त विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

# हाई अलर्ट पर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व, अधिकारियों से लेकर वनकर्मियों तक की छुट्टियां रद्द



**एजेंसी। पटना**

होली पर्व को लेकर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में हाई अलर्ट जारी किया गया है। 26 फरवरी से 5 मार्च तक सभी वनकर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है और नेपाल-यूपी बॉर्डर से सटे क्षेत्रों में विशेष पेट्रोलिंग व उड़नदस्ता टीम तैनात की गई है। होली पर्व को देखते हुए वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) प्रशासन ने मोतिहारी जिले के सभी वनक्षेत्रों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। सुरक्षा के मद्देनजर वनक्षेत्र अधिकारियों, वनपालों, वनरक्षियों समेत सभी वनकर्मियों की छुट्टियां 26 फरवरी से 5 मार्च तक रद्द कर दी गई हैं। वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक गौरव ओझा ने बताया कि होली के दौरान अंतरराष्ट्रीय शिकारी और तस्करों की संभावित घुसपैठ को देखते हुए सभी रेंज अधिकारियों को पेट्रोलिंग तेज करने का निर्देश दिया गया है। पर्व के दौरान जंगली जानवरों और पक्षियों के शिकार की आशंका को गंभीरता से लेते हुए विशेष तैयारी की गई है। वन प्रमंडल दो के डीएफओ विकास अहलावत और वन प्रमंडल एक के डीएफओ शिखर प्रधान के नेतृत्व में विशेष उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। नेपाल और यूपी बॉर्डर से सटे अतिसंवेदनशील वनक्षेत्रों में एसएसबी और जिला पुलिस के साथ संयुक्त गश्ती अभियान चलाया जा रहा है। निदेशक ने बताया कि वाल्मीकिनगर, मदनपुर, मंगुराहा और गोवर्धना वनक्षेत्र नेपाल और उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे और खुले क्षेत्र हैं, जहां शिकारियों और तस्करों की घुसपैठ की आशंका बनी रहती है। इसको लेकर अधिकारियों से लेकर फील्ड स्टाफ तक को पूरी तरह सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। होली के दौरान गठित उड़नदस्ता टीम जंगल से सटे गांवों और शहरों के हाट-बाजारों में सादे लिबास में तैनात रहकर जंगली जानवरों और पक्षियों के शिकार तथा मांस की बिक्री पर विशेष नजर रखेगी। वीटीआर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जंगली जानवरों या पक्षियों के मांस के साथ पकड़े जाने पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।

# नीतीश सरकार का सख्त फैसला : रिटायर्ड बीडीओ की पेंशन जब्त, 4.52 करोड़ रुपये की अवैध निकासी पर कार्रवाई



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने सृजन घोटाला मामले में एक बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए सेवानिवृत्त पीरपैंती बीडीओ चंद्रशेखर झा की शत-प्रतिशत पेंशन कटौती को बरकरार रखा है। यह कार्रवाई बिहार पेंशन नियमावली, 1950 के नियम-139 के तहत की गई है। झा पर 4.52 करोड़ 88 हजार 246 रुपये की सरकारी राशि की अवैध निकासी के आरोप हैं। इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच चल रही है और उनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति भी मिल चुकी है। सूत्रों के अनुसार, झा के कार्यकाल में कार्यालय के विभिन्न मदों के बैंक खातों से भारी राशि की अवैध निकासी हुई। आरोप है कि उन्होंने न केवल इस अनियमितता को रोका नहीं, बल्कि नियमानुसार कार्रवाई भी नहीं की, जो लापरवाही और कदाचार का स्पष्ट संकेत है। इस संबंध में सीबीआई कांड संख्या आरसी 023 2018 50015 (16.08.2018) दर्ज है। जांच में यह भी सामने आया कि सरकारी राशि को षड्यंत्र और जालसाजी के तहत एक निजी समिति के खाते में स्थानांतरित किया गया।विभागीय स्तर पर झा से स्पष्टीकरण मांगा गया था। उन्होंने तर्क दिया कि नियम-43(बी) के बिना नियम-139 के तहत सीधे दंड नहीं लगाया जा सकता और आरोप चार वर्ष से अधिक पुराने हैं। हालांकि, विभागीय समीक्षा में पाया गया कि नियमावली में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। नियम-139(ग) के तहत राज्य सरकार को अधिकार है कि यदि कार्यरत अवधि में घोर कदाचार या पूर्ण असंतोषजनक सेवा के पर्याप्त साक्ष्य हों, तो पेंशन स्वीकृति का पुनरीक्षण किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में पेंशनर को सुनवाई का अवसर भी दिया गया, जो झा को प्रदान किया गया। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि झा के खिलाफ पूर्व में भी दंड लगाया जा चुका है। राज्य खाद्य निगम, रोहतास में पदस्थापन के दौरान वर्ष 2014-15 से जुड़े मामलों में उन्हें निंदन और कालमान वेतन में निम्नतर अवनति का दंड दिया गया था। सरकार का मानना है कि ये सभी तथ्य मिलकर उनकी सेवा अवधि में घोर कदाचार को दर्शाते हैं।झा ने पुनर्विलोकन अभ्यावेदन में कहा कि अभियोजन स्वीकृति के आधार पर पेंशन रोकना उचित नहीं है, क्योंकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है और दोष सिद्धि नहीं हुई है। इस पर सरकार ने स्पष्ट किया कि अभियोजन स्वीकृति प्रथम दृष्टया दोष के संकेत पर दी जाती है और सीबीआई की जांच रिपोर्ट, साक्ष्य तथा गवाहों के बयान इस मामले में गंभीरता स्थापित करते हैं। अंततः, किसी नए तथ्य या साक्ष्य के प्रस्तुत न होने के कारण पुनर्विलोकन अभ्यावेदन अस्वीकार कर दिया गया। बिहार राज्यपाल के आदेश से जारी संकल्प में यह स्पष्ट किया गया कि झा पर लगाए गए शत प्रतिशत पेंशन कटौती के दंड को पूर्ववत रखा जाएगा। इस आदेश का प्रकाशन बिहार राजपत्र में किया जाएगा। इस फैसले से स्पष्ट संदेश गया है कि सरकारी धन के दुरुपयोग और घोर कदाचार पर राज्य सरकार किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करेगी। अधिकारी चाहे वर्तमान में हों या सेवानिवृत्त, उनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य और जांच के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह मामला प्रशासनिक और वित्तीय अनुशासन के महत्व को भी रेखांकित करता है और भविष्य में सरकारी पदाधिकारियों को सतर्क रहने की चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

## एक नजर

### किशनगंज में अमित शाह : माता गुजरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में भव्य स्वागत



**किशनगंज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का किशनगंज स्थित माता गुजरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में भव्य स्वागत किया गया। कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, कॉलेज के सचिव युगल किशोर तोषनीवाल, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. इच्छित भारत सहित अन्य ट्रस्टियों ने केंद्रीय गृह मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान एक भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और पारंपरिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। इस मौके पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### पैसे के विवाद में बाजार के बीच दो भाइयों पर फायरिंग, एक की मौत दूसरा गंभीर

**पटना।** राजधानी पटना के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के मुसल्लाहपुर हाट इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। अपराधियों ने बाजार के बीच दो सगे भाइयों पर फायरिंग की, जिसमें सोनू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके छोटे भाई आकाश गंभीर घायल हैं और उनका इलाज पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है। घटना के अनुसार, मृतक सोनू और आकाश सब्जी विक्रेता थे और टिकिया टोली के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार यह वारदात किसी पुराने विवाद की वजह से नहीं, बल्कि पैसे के लेन-देन को लेकर हुई। जानकारी के मुताबिक, विकास कुमार नामक आरोपी का सोनू के पास पैसा बकाया था। पैसे लेने के लिए जब विकास कुमार सोनू के पास गया, तो दोनों के बीच बहस हो गई और उसके बाद सोनू और आकाश ने विकास कुमार की पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि मारपीट के बाद विकास कुमार अपने साथियों के साथ लगभग दो घंटे बाद फिर से घटनास्थल पर लौट आया। दुकान पर आते ही उसने अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग शुरू कर दी। भागते हुए दोनों भाइयों पर कई राउंड फायरिंग की गई। भागने की कोशिश में आकाश की पीठ में गोली लगी, जबकि सोनू को पकड़कर नजदीक से कनपटी में गोली मार दी गई। इस गोलीबारी में सोनू की मौत तुरंत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सुल्तानगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया है और उससे अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल से दो जिंदा गोली और तीन खोखे बरामद किए हैं। मोहल्लेवासियों के अनुसार, यह फायरिंग दौड़ा-दौड़ाकर की गई थी, जिसमें 12-13 राउंड फायरिंग हुई।घटना की गंभीरता को देखते हुए सिटी पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि यह कोई पुराना विवाद नहीं है और मामला सिर्फ पैसे के लेन-देन को लेकर हुआ।

# पटना से डोभी तक ग्रीन कॉरिडोर : हर 10 किलोमीटर पर सेल्फी पॉइंट, फलदार पेड़ों से सजेगा एनएच, मंत्री का एलान



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक अनोखा पहल शुरू किया है। सरकार ने घोषणा की है कि पटना से डोभी तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य सिर्फ सड़क को हरा-भरा बनाना ही नहीं है, बल्कि यात्रियों के लिए एक आकर्षक और प्राकृतिक अनुभव सुनिश्चित करना भी है। इस ग्रीन कॉरिडोर में कुल मार्ग को पर्यावरण अनुकूल तरीके से सजाया जाएगा। सड़क किनारे किसी भी तरह का कंक्रीट काम नहीं होगा। पूरे कॉरिडोर में प्राकृतिक हरियाली और स्थानीय वनस्पतियों का संरक्षण किया जाएगा। इस पहल के तहत यात्रियों और पर्यटकों के लिए हर 10 किलोमीटर पर विशेष सेल्फी पॉइंट बनाए जाएंगे। ये पॉइंट न केवल खूबसूरत दृश्य प्रदान करेंगे बल्कि लोगों को प्रकृति के बीच यादगार पलों को कैद करने का अवसर भी देंगे। बिहार के ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में इस परियोजना का बड़ा महत्व है। ग्रीन कॉरिडोर के किनारे किसानों से आग्रह किया जाएगा कि वे अपने खेतों और एनएच (राष्ट्रीय राजमार्ग) के किनारे फलदार वृक्ष लगाएं। इसके अलावा स्थानीय फलदार और फूलदार पेड़ लगाए जाने से न केवल सड़क का सौंदर्य बढ़ेगा बल्कि पर्यावरणीय लाभ भी मिलेगा। फलदार पेड़ स्थानीय लोगों के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत भी बन सकते हैं। परियोजना के रख-रखाव और पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए इको टूरिज्म कमेटी का गठन किया जाएगा। इस कमेटी में स्थानीय प्रशासन, ग्रामीण प्रतिनिधि और पर्यावरण विशेषज्ञ शामिल होंगे। कमेटी का मुख्य कार्य ग्रीन कॉरिडोर की सफाई, हरियाली की निगरानी और पर्यटक सुविधाओं के रख-रखाव को सुनिश्चित करना होगा। साथ ही, यह कमेटी पर्यावरणीय शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करेगी, ताकि स्थानीय समुदाय और यात्रियों को प्रकृति के महत्व का एहसास हो।बिहार सरकार की यह पहल पर्यावरण और पर्यटन को जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। इस ग्रीन कॉरिडोर से न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी बल्कि राज्य में सस्टेनेबल टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा। मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने विधानसभा में सदन में इस परियोजना की घोषणा करते हुए कहा कि यह पहल राज्य की जनता और आने वाले पर्यटकों के लिए प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव सुनिश्चित करेगी। परियोजना के तहत सड़क किनारे सभी पेड़ और पौधे स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुरूप चुने जाएंगे।

# बेतिया राज की भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई, 74 नए लोगों को नोटिस जारी




**एजेंसी। पटना**

बिहार के नरकटियागंज में बेतिया राज की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को रोकने के लिए अंचल प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार को 74 नए अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया, जिससे अब तक कुल 527 लोगों को नोटिस मिल चुका है।प्रशासन ने सभी को 20 मार्च 2026 तक अपना पक्ष रखने का समय दिया है, इसके बाद संतोषजनक जवाब न मिलने पर कठोर कार्रवाई शुरू की जाएगी। अंचलाधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि ताजा कार्रवाई में सेमरी, साठी बाजार, हिच्छोपाल, हरनिया, भेड़ीहारी, परसौनी, साठी, धर्मपुर, परोराहा और काला बरवा गांव के लोग शामिल हैं। यह कार्रवाई बिहार सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम के तहत की गई है।प्रशासनिक जांच में पाया गया कि खाता संख्या चार से संबंधित सरकारी भूमि पर खेती के अलावा नहर, सड़क, विद्यालय, बगीचा, मदरसा और आवासीय मकान बनाकर व्यापक पैमाने पर कब्जा जमाया गया था। नोटिस प्रपत्र-एक के तहत अतिक्रमणकारियों को सूचित किया गया है। अंचल प्रशासन के आंकड़ों के मुताबिक, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कुल 829 लोगों को चिन्हित किया गया है। इसमें 386 शहरी और 141 ग्रामीण लोगों को नोटिस भेजा जा चुका है, जबकि शेष 302 लोगों के विरुद्ध नोटिस तैयार किया जा रहा है। अब तक केवल 25 लोगों ने ही अंचल कार्यालय जाकर अपना पक्ष प्रस्तुत किया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से भू-माफियाओं और अवैध

# पटना नीट छात्रा मौत मामला : कोर्ट की सख्त टिप्पणी, जांच अधिकारियों पर एफआईआर का संकेत



**एजेंसी। पटना**

राजधानी पटना के चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र स्थित शंभू गर्ल्स हॉस्टल में जहानाबाद की एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है। इस मामले में गिरफ्तार हॉस्टल संचालक मनीष रंजन की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। साथ ही, जांच प्रक्रिया में कथित लापरवाही को लेकर अदालत ने जांच अधिकारियों को भी सख्त चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार, आज कोर्ट में इस मामले की लगभग एक घंटे तक सुनवाई चली। सुनवाई के दौरान अदालत ने जांच की प्रगति और अब तक की कार्रवाई पर सवाल उठाए। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यदि जांच में लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर भी विचार किया जा सकता है। अदालत की इस टिप्पणी के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। कोर्ट ने यह कहा कि - आप लोग जिस तरह से लापरवाही किए हैं उसके बाद क्यों नहीं आपके ही ऊपर त्रक्रकर दिया जाए। गौरतलब है कि जहानाबाद की रहने वाली छात्रा पटना में रहकर नीट (ठएएळ) की तैयारी कर रही थी। उसकी संदिग्ध हालात में मौत के बाद परिवार ने कई गंभीर आरोप लगाए थे। परिजनों का कहना है कि हॉस्टल प्रबंधन ने समय पर सही जानकारी नहीं दी और मामले को दबाने की कोशिश की गई। घटना के बाद पुलिस ने हॉस्टल संचालक मनीष रंजन को गिरफ्तार किया था। मनीष रंजन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए जमानत के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि उनके मुवक्किल को साजिश के तहत फंसाया गया है और जांच में सहयोग किया जा रहा है। वहीं, अभियोजन पक्ष ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि मामला गंभीर है और जांच अभी प्रारंभिक चरण में है, ऐसे में जमानत मिलने पर साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला गंभीर प्रतीत होता है और जांच को प्रभावित होने से बचाने के लिए आरोपी को फिलहाल राहत नहीं दी जा सकती। सुनवाई के दौरान अदालत ने जांच अधिकारियों से केस डायरी और अब तक की गई कार्रवाई का ब्योरा भी मांगा। कोर्ट ने कड़े शब्दों में कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की कोताही या जानबूझकर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तीन दिनों तक सील रहेगी भारत-नेपाल सीमा, त्रिवेणी बॉर्डर पर सख्त निगरानी




**एजेंसी। पटना**

नेपाल में 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव के मद्देनजर 3 से 6 मार्च तक भारत-नेपाल सीमा सील रहेगी। त्रिवेणी और वाल्मीकि नगर बॉर्डर पर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा, केवल आपातकालीन सेवाओं को ही अनुमति दी जाएगी। भारत-नेपाल सीमा तीन दिनों के लिए सील रहेगी। इस दौरान आम लोगों और वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बैन रहेगा। नेपाल में 5 मार्च को होने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के मद्देनजर 3 मार्च की रात से 6 मार्च की रात तक भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पूरी तरह सील रहेगी।नवलपरासी जिला प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से त्रिवेणी बॉर्डर को निर्धारित अवधि के लिए बंद रखने का निर्णय लिया है। इस दौरान वाल्मिकीनगर सीमा पर आम लोगों और वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। केवल एम्बुलेंस और विशेष आपातकालीन सेवाओं को सघन जांच के बाद ही आने-जाने की अनुमति दी जाएगी। नेपाल सशस्त्र पुलिस बल (APF) के त्रिवेणी वीओपी के सब-इंस्पेक्टर डम्मर ओली ने बताया कि चुनाव को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। हालांकि पूर्वी नवलपरासी के जिलाधिकारी भविश्वर पांडे की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक लिखित सूचना जारी नहीं की गई है, लेकिन मौखिक रूप से सीमा सील की जानकारी दी गई है। सीमा सील रहने के दौरान वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप रहेगा। यदि कोई नेपाली मतदाता भारतीय सीमा से प्रवेश करता है, तो उसकी नागरिकता और मतदाता पहचान पत्र की जांच के बाद ही नेपाल में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। बता दें कि जेएनजी आंदोलन के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद सुशीला कार्की को प्रधानमंत्री नियुक्त कर उनके नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन किया गया और 6 मार्च को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। नेपाल में 5 मार्च को मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। देश में कुल 18.9 मिलियन योग्य मतदाता House of Representatives के 275 सदस्यों के चुनाव के लिए वोट डालेंगे। इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान (डायरेक्ट वोटिंग) से चुने जाएंगे, जबकि 110 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत निर्वाचित होंगे। चुनाव को लेकर नेपाल क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है और सीमा क्षेत्र पर एपीएफ की कड़ी निगरानी जारी है।

# थावे दुर्गा मंदिर चोरी कांड : कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मंदिर प्रबंधन को सौंपे माता के गहने

**एजेंसी। पटन**

बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित प्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर में बीते दिसंबर 2025 में हुई चोरी के बाद आज एक खुशी की खबर सामने आई है। न्यायालय के आदेश पर चोरी हुए आभूषणों को आज मंदिर प्रशासन को सौंप दिया गया और पुजा अर्चना के साथ उन्हें पुनः अर्पित किया गया। इस दौरान एसपी विनय तिवारी की मौजूदगी में विधिवत पुजा की गई। हुई चोरी के बाद आज एक खुशी की खबर आई है। न्यायालय के आदेश पर चोरी हुए आभूषणों को आज मंदिर प्रशासन को सौंप दिया गया और पूजा-अर्चना के साथ उन्हें माता रानी को पुनः अर्पित किया गया। इस दौरान एसपी विनय तिवारी की मौजूदगी में विधिवत पूजा की गई। थावे दुर्गा मंदिर में 17 और 18 दिसंबर 2025 की रात अज्ञात चोरों ने माता रानी के बहुमूल्य आभूषण, जिनमें सोने-चांदी के मुकुट, हार और छतरी के टुकड़े शामिल थे, चोरी कर लिए थे। इस घटना ने पूरे जिले को हिला दिया था और श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया था। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गए सभी आभूषणों को बरामद कर लिया।मामले की पूरी जांच के बाद न्यायालय ने रिलीज ऑर्डर जारी किया और आभूषणों को विधिवत तरीके से मंदिर प्रबंधन समिति को सौंपने की प्रक्रिया शुरू की। आज इस प्रक्रिया का पालन करते हुए थावे मंदिर के मुख्य पुजारी और मंदिर न्यास समिति के व्यवस्थापक अमरेन्द्र दुबे तथा समिति सदस्य ओमप्रकाश राय मौजूद रहे।